आकाशवाणी शिमला

16.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज कुल्लू जिला के बजौरा स्थित पी.सी.डी.ओ. में बागवानी विभाग की पहली सौर ऊर्जा चलित माइक्रो कोल्ड स्टोरेज इकाई का उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये पहल प्रदेश में कृषि अवसंरचना को मजबूत करने और फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने की दिशा में मददगार साबित होगी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि माइक्रो कोल्ड स्टोरेज यूनिटस के माध्यम से न केवल फसल की बर्बादी को कम किया जा सकेगा बल्कि इससे किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। बागवानी मंत्री ने कहा कि इससे हिमाचल प्रदेश एक प्रगतिशील और फार्मर फर्स्ट स्टेट के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगा।

कांग्रेस प्रदर्शन

नेशनल हैराल्ड चार्जशीट मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी ने आज देशभर में प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालयों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। शिमला में भी कांग्रेस पार्टी ने प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित कांग्रेस विधायक शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है और भाजपा मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की कार्रवाई करती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ईडी की इस कार्रवाई की निंदा करती है और इसके खिलाफ देशभर में एकजुटता से लड़ाई लड़ी जाएगी। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने नेशनल हैराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि नेशनल हैराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय ने पी.एन.एल.ए. के तहत चार्जशीट दाखिल की जिसमें कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम शामिल है जो एक गम्भीर मामला है। भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस ने नेशनल हैराल्ड की पूरी सम्पत्ति को गांधी परिवार के हाथों में लाने के लिए एक कॉरपोरेट षडयंत्र रचा।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आज कुल्लू जिला के भुंतर स्थित एकीकृत नशा निवारण व पुनर्वास केन्द्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ता नशे का प्रचलन सरकार व समाज के समक्ष एक चुनौती है और प्रदेश सरकार इससे निपटने के लिए गम्भीरता से कार्य कर रही है। मुख्य सचिव ने एकीकृत नशा निवारण व पुनर्वास केन्द्र द्वारा नशा निवारण के लिए किए जा रहे प्रयासों और यहां कार्यरत चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ की निस्वार्थ सेवा भावना के लिए सराहना की। उन्होंने इस केन्द्र में उपचाराधीन लोगों से नशे को छोड़ने के लिए स्वेच्छा से आगे आने का आहवान किया।

मारकंडा

पूर्व मंत्री रामलाल मारकंडा ने कहा है कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास में विफल साबित हुई है। सोलन में एक पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार जनजातीय क्षेत्रों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है और बजट में भी कटौती की गई है। मारकंडा ने कहा कि कुल बजट का 9 प्रतिशत जनजातीय क्षेत्रों के लिए रहता है लेकिन इस बार इसे कम करके करीब 2 प्रतिशत किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लाहौल स्पिति में 2 प्रौजेक्ट लगाने की तैयारी कर रही है जिससे घाटी की उपजाऊ भूमि को नुकसान पहुंचेगा।

मौसम

प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक मौसम के कड़े तेवर देखने को मिलेगे। मौसम विभाग ने 18 व 19 अप्रैल को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू व मंडी जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं इस दौरान प्रदेश के कई भागों में ओलावृष्टि और आंधी तूफान को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि बारिश का सिलसिला 21 अप्रैल तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की सम्भावना है।

————————————